हरिभूमि

# भिवानी-दादरी भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 4 अप्रैल 2025

11 हरियाणा निर्माता चौधरी बंसीलाल के नाम से बना ...



12 ढाणा रोड के क्षेत्रवासियों ने पेयजल की सुचारू ..



## खबर संक्षेप

### त्रुटि सुधार की अंतिम तिथि बढ़ाई 10 तक

**भिवानी।** छात्रों के हित को ध्यान में रखते हुए डॉ. अम्बेडकर मेधावी छात्र संशोधित योजना के तहत दस्तावेजों में त्रुटि सुधार के लिए अंतिम तिथि 10 अप्रैल तक बढ़ाई गई है। उपायुक्त महावीर कौशिक ने बताया कि डॉ. अम्बेडकर मेधावी छात्र संशोधित योजना के अंतर्गत वर्ष 2024-25 के लिए पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन किए गए थे। इन आवेदनों की जांच के दौरान दस्तावेजों से संबंधित त्रुटियां पाई गई थीं। इसके लिए छात्र/छात्राओं को लघु सचिवालय स्थित कमरा नंबर 161 में स्वयं उपस्थित होकर 10 अप्रैल तक अपने दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे।

### सूने घर से नकदी और आभूषण ले उड़े चोर

**भिवानी।** गांव बड़सी में चोर मकान का ताला तोड़कर हजारों रुपये की नकदी व आभूषण ले गए। पुलिस को दी शिकायत में प्रदीप कुमार ने बताया कि 31 मार्च को उसका सारा परिवार बरवाला में शादी समारोह में गया था। जब वे वापस आए तो घर के मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ पाया। जांच करेन पर अलमारी में रखी नकदी व आभूषण भी गायब मिली।

### मंदिर के दानपात्र पर चोरों ने हाथ साफ किया

**बवानीखेड़ा।** बाबा कमाल मंदिर में स्थापित शिव मंदिर के दान पात्र पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। भक्त केशव ने बताया कि दानपात्र से लगभग पांच हजार रुपये की नकदी चोरी हुई है। इससे पहले भी चोरों द्वारा चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। वहीं उन्होंने बताया कि इसके बादे में समिति द्वारा बैठक करके कोई ठोस निर्णय लिया जाएगा।

### रोजगार स्थापित करने के लिए मिलेगा ऋण

**चरखी दादरी।** हरियाणा सरकार द्वारा हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम की ओर से अनुसूचित जाति के व्यक्तियों और बीपीएल परिवार को अपना स्वयं रोजगार स्थापित करने के लिए बैंकों के माध्यम से ऋण उपलब्ध करवाया जाता है। उपायुक्त मुनीश शर्मा ने बताया कि योजना का लाभ उन पात्र परिवारों को मिलेगा जिनकी पारिवारिक वार्षिक आय ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में 1.80 लाख रुपये तक है।

### पुलिस ने अवैध हथियार सहित युवक को दबोचा

**चरखी दादरी।** दादरी पुलिस ने सांजरवास के समीप युवक को अवैध हथियार सहित काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता योगेश कुमार ने बताया कि बुधवार को हेड कांस्टेबल राजेश कुमार टीम के साथ गश्त पड़ताल के लिए गांव सांजरवास मौजूद था। उस दौरान टीम को सूचना मिली कि युवक अवैध हथियार सहित और गैस एजेंसी गैस सामने वाहन का इंतजार कर रहा है। जब पुलिस मौके पर पहुंची तो युवक पुलिस को देखकर भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन पुलिस ने उसको काबू कर लिया। तलाशी लेने पर एक देसी कट्टा मिला।

मांग पूरी नहीं हुई तो पहुंचेंगे मंत्री के आवास पर

# मांगों को लेकर रोडवेज कर्मचारी भूख हड़ताल पर बैठे, जताया रोष

■ ओवरटाइम बंद करने से नाराज हैं कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

लंबित मांगों को लेकर रोडवेज कर्मचारियों ने 24 घंटे के लिए भूख हड़ताल पर बैठ गए। इस दौरान कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। कर्मचारी नेताओं ने चेतावनी दी कि अगर उनकी मांग पूरी नहीं की गई तो जल्द ही परिवहन मंत्री के आवास पर पहुचेंगे और उनकी मांग पूरी करवाए जाने की गुजारिश की जाएगी।

तय कार्यक्रम के हिसाब से रोडवेज कर्मचारी सुबह बस अड्डे पर एकत्रित हुए और बस स्टेंड परिसर में ही धरने पर बैठ गए। बाद में अन्य कर्मचारी नेताओं ने जो कर्मचारी भूख हड़ताल पर बैठे थे। उन कर्मचारियों को फूलों की माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान एकत्रित कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कर्मचारी नरेंद्र कुमार



**भिवानी।** भूख हड़ताल पर बैठे रोडवेज कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

दिनोद ने कहा कि आए दिन सरकार कर्मचारी विरोधी नीतियां लागू कर रही है। सरकार रोडवेज के बेड़े में ऑडिनेरी बसों को शामिल करने की बजाए इलेक्ट्रिक बसों को शामिल करने जा रही है। जिससे अनेक कर्मचारियों पर छंटनी की तलवार लटक जाएगी। वहीं अगर सरकार ऑडिनेरी बसें शामिल करती है तो अनेक कर्मचारियों को रोजगार के अवसर मिल जाएंगे। क्योंकि एक ऑडिनेरी बस शामिल करने से कम से कम सात युवकों को रोजगार मिलता है। चालक व परिचालक के अलावा टायर मैन, लाइटमैन सहित अनेक कार्य करने वाले शामिल है। दूसरी तरफ उन्होंने बताया कि विगत में सरकार ने किलोमीटर स्कीम की बसें शामिल करके जनता के लिए नई समस्या खड़ी कर दी है। क्योंकि किलोमीटर स्कीम की चलने वाली बसें आए दिन यात्रियों की जान जोखिम में डाल रहे है। उन्होंने सरकार से रोडवेज बेड़े में ऑर्डिनेरी बसें शामिल करने की मांग की। उन्होंने कहा कि पहले रोडवेज चालक व परिचालक, लिपिक व अन्य कर्मचारियों का वेतन शिक्षकों के बराबर का था,लेकिन अब सरकार के अपेक्षित रवैये के चलते उनको शिक्षकों से कम वेतनमान मिलने लगा है। वहीं सरकार ने उनका ओवरटाइम बंद कर दिया है। ऐसे में किस तरह से उनके परिवार का पालन पोषण हो पाए।

### चार डिपो में हड़ताल

उन्होंने बताया कि सरकार के उपेक्षित रवैये के विरोध में वीरवार को भिवानी के अलावा फतेहाबाद, कुरुक्षेत्र व फरीदाबाद डिपो में भूख हड़ताल की गई। उसके बाद अन्य डिपों में भी इसी तरह से हड़ताल की जाएगी। उसके बाद भी सरकार ने उनकी मांगों को पूरा नहीं किया तो वे अनिश्चितकालीन आंदोलन का ऐलान करने पर मजबूर होंगे।



**तोशाम।** एसडीईएम को ज्ञापन सौंपते संगठन के सदस्य।

## विभिन्न संगठनों ने बिजली मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

■ बिजली के बढाए रेट वापिस ले सरकार : रोहतास सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन जिला कमेटी भिवानी ने बिजली के बढ़ाए रेट तुरंत प्रभाव से वापिस लेने की मांग को लेकर तोशाम सब डिवीजन पर प्रदर्शन कर एसडीएम के माध्यम से बिजली मंत्री अनिल विज के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने मांग की है कि बिजली के बढ़ाए गए रेट तुरंत वापस लें तथा स्मार्ट मीटर लगाने पर रोक लगाई जाए।

इस मौके पर जिला प्रधान रोहतास सिंह सैनी ने कहा कि मंहगाई की मार से पहले से ही जूझ रही जनता के उपर एक ओर बोझ लादने का काम सरकार ने किया है। घाटे का बहाना बनाकर 2023 से फ्यूल सरचार्ज के नाम से 47 पैसे अतिरिक्त प्रति यूनिट उपभोक्ताओं से वसूल किए जा रहे हैं जिसमें लगातार दो बार बढ़ोतरी करते हुए 2026 तक सरकार उसको पहले ही बढ़ा चुकी है। इस मौके पर बिजली उपभोक्ता मंच के जिला कन्वीनर महेंद्र सिंह कटारिया ने लोगों से अपील की है कि बिजली के बढाए रेट, बिजली के निजीकरण व स्मार्ट मीटर के खिलाफ आंदोलन तेज करें और सरकार को सस्ती बिजली देने के लिए मजबूर करें। इस मौके पर विरोध प्रदर्शन में फूलचंद, वजीर सिंह, बहादुर सिंह अलखपुरा, दयानंद फौजी, प्रेमपाल, फतेह सिंह, रमेश नंबरदार निगाना कला, राजाराम दिनोद, रणधीर जाखड़ आदि मौजूद रहे।



**भिवानी।** भगवान परशुराम चौक पर पानी निकासी की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते अधिकारी।

## नप चेयरमैन ने पानी निकासी की व्यवस्था का लिया जायजा

■ एसडीओ तथा जूनियर इंजीनियर शहर में पानी निकासी की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

दादरी नगर परिषद चेयरमैन बख्शी राम सैनी ने वीरवार को अधिकारियों के साथ शहर में बरसाती पानी की निकासी की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने पानी निकासी के लिए बिछाई जा रही पाइप लाइन का निरीक्षण किया। वीरवार को नप चेयरमैन बख्शीराम सैनी, सुपरिटेंडेंट इंजीनियर दलवीर दलाल, वरिष्ठ अभियंता सोहनलाल, एसडीओ मुकेश कुमार तथा जूनियर इंजीनियर उमेद सिंह शहर में पानी निकासी की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने पहुंचे।

चेयरमैन सैनी ने कहा कि बरसात से पहले पानी निकासी की पर्याप्त प्रबंध होने चाहिए। इस बारिश में जलभराव की स्थिति ना बने इस बात का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। हर बार मानसून के दिनों में शहर में जलभराव होता है। दुकानदारों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। चेयरमैन ने बताया कि प्रदेश सरकार ने पानी निकासी के लिए करोड़ों रुपयों जारी किए हैं। पानी निकासी की योजना पर काम चल रहा है। जिसका पूरे होने के बाद जलभराव की स्थिति नहीं बनेगी। स्थानीय दुकानदारों ने अधिकारियों को बताया कि जलभराव के कारण उनका कामकाज बंद हो जाता है। हल्की बारिश में भी कई फुट तक पानी भरता है। जलभराव के कारण दुकानों में रखा सामान भी खराब होता है। अधिकारियों ने दुकानदारों को आश्वासन दिया कि इस बार जलभराव की स्थिति नहीं होगी। पानी निकासी के लिए पूरी व्यवस्था हो चुकी है।

## ड्रग फ्री हरियाणा साइक्लोथॉन का छह को होगा भव्य स्वागत

■ डीसी ने भाग लेने को युवाओं से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाने की अपील की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

ड्रग्स फ्री हरियाणा साइकिल यात्रा में जिला की विशेष रूप से सक्रिय भागीदारी रहेगी। इसको लेकर उपायुक्त मुनीश शर्मा ने विशेष तौर पर युवाओं से अपील करते हुए कहा कि जिला के सभी लोग हरियाणा उदय पोर्टल पर उपलब्ध आन लाइन प्लेट फार्म प्रणाली के जरिए अपना रजिस्ट्रेशन करें और साइक्लोथॉन के विशेष भागीदार बनें। उन्होंने बताया कि साइक्लोथॉन यात्रा का जिला में बाढड़ा ब्लॉक में जन भागीदारी के साथ भव्य स्वागत किया जाएगा।

अभी तक जिला से 4 हजार से अधिक रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि जिला में अधिक से अधिक युवाओं को भागीदार बनाने के लिए सभी खेल प्रशिक्षकों, खेल अकेडमी संचालकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे खिलाडियों के साथ-साथ स्वयं का भी पंजीकरण करें। साइक्लोथॉन यात्रा में शामिल होने के लिए रजिस्ट्रेशन लिंक जारी किया गया है। जिस पर कोई भी व्यक्ति रजिस्ट्रेशन कर सकता है। उन्होंने विशेषकर युवाओं से अपील की कि वे जिले से अधिक से अधिक भागीदारी के लिए पोर्टल पर अपना पंजीकरण करें।

## सीएम फ्लाइंग व स्वास्थ्य विभाग की टीम ने निजी अस्पताल में मारी रेड

■ नहीं मिले दस्तावेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

शहर के भगवान परशुराम चौक के समीप निजी अस्पताल में वीरवार को सीएम फ्लाइंग और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने रेड मारी। अस्पताल में मौजूद डॉक्टर टीम के समक्ष दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई गई। वीरवार को सीएम फ्लाइंग और स्वास्थ्य विभाग की टीम अचानक भगवान परशुराम चौक के समीप निजी अस्पताल में पहुंची।

टीम में शामिल अधिकारियों ने डॉक्टर से डिग्री और अन्य दस्तावेज




भिवानी। वह निजी अस्पताल जिसपर कार्रवाई की गई है।

मांगे, लेकिन डॉक्टर किसी भी प्रकार के दस्तावेज उपलब्ध नहीं करवा सका, जिसके बाद टीम ने कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी। अधिकारियों ने बताया कि वर्षों से ये अस्पताल चल रहा है। निरीक्षण किया तो डॉक्टर अस्पताल से संबंधित कागजात नहीं दिखा पाया, जिसके बाद कानूनी कार्रवाई अमल में लाई गई है।

## सिरसली में पंचायती जमीन पर खड़ी गेहूं में लगाई आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढ़ड़ा

गांव सिरसली में पट्टे पर लेकर पंचायती जमीन पर लगाई गई गेहूं की फसल में आग लगाने का मामला सामने आया है। किसान ने पुलिस को शिकायत देकर नामजद पर कार्रवाई की मांग की है। जिसके आधार पर पुलिस मामले में आगामी कार्रवाई कर रही है।

पुलिस को दी शिकायत में सिरसली निवासी सोमबीर ने बताया कि उसने 6 एकड़ पंचायती जमीन पट्टे पर लेकर गेहूं की फसल लगा रखी है। उसे बताया कि जब उसने जमीन पट्टे पर ली तो गांव के ही एक व्यक्ति ने जमीन लेने पर विरोध जताया था और आग लगाने की धमकी दी थी। सिरसली सरपंच प्रतिनिधि ज्ञानवीर ने वीरवार करीब 5 बजे बताया कि गेहूं



की फसल पककर तैयार है ओर बीती रात को फसल में आग लगाने के लिए वहां पड़ी लकड़ियों में आग लगा दी। लेकिन समय रहते ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पा लिया गया। इस संबध में डायल 112 पर कॉल कर घटना की जानकारी दी थी। किसान सोमबीर ने बताया कि गांव का एक व्यक्ति जो जमीन को पट्टे पर लेने से नाराज था वह बार-बार फसल नहीं लेने देने और आग लगाने की धमकी दे रहा था उसे पूरा शक है कि उसने ही आग लगाई है।

## बोर्ड अध्यक्ष ने उत्तरपुस्तिकाओं के अंकन का किया निरीक्षण

■ अंकन संबंधी कार्य का समय पर निपटान करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष प्रो.(डॉ.) पवन कुमार एवं डॉ.मुनीश नागपाल ने बताया कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित करवाई गई सैकेण्डरी व सीनियर सैकेण्डरी की वार्षिक परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं के अंकन का कार्य प्रदेशभर में सुव्यवस्थित एवं सुचारू रूप से शुरू हो गया है।

बोर्ड अध्यक्ष द्वारा जिला-पंचकूला के अंकन केन्द्र जैनेंद्र गुरूकूल.व.मा.वि., सैक्टर-01(पंचकूला) का निरीक्षण किया गया तथा अंकन कार्य से सम्बन्धित सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया, जहां अंकन कार्य निर्बाध व सुचारू रूप से चल रहा था। बोर्ड सचिव डॉ. नागपाल के उडऩदस्ते द्वारा उप-मण्डल सफीदों के अंकन केन्द्र न्यूबीएसएमएसएस विद्यालय,रामपुरा(सफीदों) तथा जिला-पानीपत के अंकन केन्द्र एस.डी.व.मा.वि. व आर्यकवमावि, पानीपत का औचक निरीक्षण किया गया। उन्होंने अंकन केन्द्रों पर अंकन कार्य से सम्बन्धित सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया, किसी भी केन्द्र पर किसी भी प्रकार की खामी नहीं पाई गई। सभी परीक्षकों को अंकन संबंधी कार्य का समय पर निपटान करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।


नहीं पहुंची किताबें, कैसे होगी पढ़ाई, अभिभावक और विद्यार्थी परेशान

# शैक्षणिक सत्र के दो दिन बीते, विद्यार्थियों के हाथ रिते

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

शिक्षा विभाग सरकारी स्कूलों में बच्चों को बेहतरीन सुविधाएं देने के लाख दावे करें,लेकिन हकीकत कोसों परे है। नए शैक्षणिक सत्र को शुरू हुए दो दिन का समय बीत गया,लेकिन अभी तक पहली से लेकर आठवीं कक्षा तक के बच्चों के लिए किताबें नहीं पहुंच पाई है।

वहीं बाजार से भी एनसीईआरटी व एससीईआरटी की किताबें गायब है। जिस वजह से सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को अपने सहपाठियों से फटी पुरानी किताबें लेकर काम चलाना शुरू किया है। इनमें से अधिकांश किताबों के



पहले व आखरी के चेप्टर व लेशन गायब है। ऐसे में किस तरह से बच्चे पढाई शुरू करेंगे। बताते है कि शिक्षा विभाग ने पहली क्लास से लेकर आठवीं क्लास तक के बच्चों के लिए स्कूलों में निःशुल्क पुस्तकें दी जाती है। हर वर्ष शैक्षणिक सत्र शुरू होने से पहले ही सभी सरकारी स्कूलों में किताबों की खेप भेजी जाती है। नियमन विभाग जनवरी व फरवरी माह में किताबें भेजनी आरंभ कर देता है,लेकिन इस बार न जाने किस जगह पर गड़बड़ी हुई है। अभी तक सरकारी स्कूलों में किताबें नहीं पहुंच पाई है। हालात ये बने है कि शैक्षणिक सत्र शुरू हुए दो दिन का समय बीत गया,लेकिन अभी तक स्कूलों में किताबें नहीं पहुंची है। जिस वजह से बच्चों को पड़ौस के बच्चों या फिर स्कूल के बुक बैंक से पुरानी किताबें लेकर काम चलाना पड़ रहा है। क्योंकि पुरानी किताबों की हालत सही नहीं बचती। चूंकि पहली से आठवीं तक के बच्चे ज्यादा समझदार नहीं होते और वे किताबों की संभाल नहीं करते। ऐसे में अधिकतर किताबें फटी व पुरानी हालत में बची है।

कई किताबें तो ऐसी है। जिनके पहले से लेकर तीन लेशन तक फटे हुए है। तो कई किताबों के पीछे से पांच से छह पेज ही पूरी तरह से गायब है। जो पेज गायब हो गया। उस पेज के लेशन या चेप्टर को किस तरह से पढा जाएगा। फिलहाल बच्चे इन्हीं किताबों से काम चला रहे है। पहली से लेकर आठवीं क्लास तक के बच्चों को शिक्षा विभाग निःशुल्क पुस्तकें वितरित करता है। हर साल किताबें स्कूलों में भेजी जाती है। जिस वजह से बाजार व किताबों की दुकानों पर एनसीईआरटी व एससीईआरटी की पुस्तकें नहीं है। माना जा रहा है कि किताबों की खपत न होने की वजह से बुक सेलर किताबें ही नहीं मंगवा रहे है। जिस वजह से बाजार में पहली से लेकर आठवीं तक की किताबें नहीं है। जिस वजह से अगर कोई अभिभावक किताबें लेने के लिए बाजार में चला भी जाए तो उनको सरकारी किताबें नहीं मिल पाएंगी। फिलहाल बुक सेलरों की दुकानें निजी प्रकाशकों की किताबों से भरी पड़ी है।

### एक सप्ताह रेडिनेस कार्यक्रम के तहत बच्चों की करवाई जाएगी तैयारी: नाफरिया

अध्यापक संघ के प्रदेश प्रवक्ता जयबीर नाफरिया ने बताया कि सभी स्कूलों में रेडिनेस कार्यक्रम के तहत बच्चों को पढाया जाएगा। पहले दिन खेल खेल में पढाया जाएगा।दूसरे दिन पिछली क्लास या परीक्षा में जो प्रशन छूट गया। उन प्रशनों को फिर से तैयार करवाया जाएगा,समझाया जाएगा। इनके अलावा प्रयोग दिखाकर बच्चों को पढाया जाएगा। मसलन ग्लोब दिखाकर विश्व का मानचित्र समझाया जाएगा।

## 8 विद्यार्थियों ने राई स्पोटर्स स्कूल की शारीरिक परीक्षा उत्तीर्ण की



हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

न्यू इंडियन कोचिंग स्कूल के आठ विद्यार्थियों ने स्पोर्ट्स स्कूल राई की शारीरिक परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की है, ये परीक्षा मार्च में सम्पन्न हुई थी व इसमें हजारों विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया था। न्यू इंडियन कोचिंग स्कूल के पलक डालावास, वंश कालुवाला, सचित रेवाडी, युवराज अलवर, कार्तिक हिसार, पीयूष सिरसली, कुंज कारीरूपा व केशव दादरी ने सफलता हासिल की। संस्था संचालक अशोक शर्मा ने बताया कि इस पहले भी विद्यार्थियों ने सैनिक स्कूलों, मिल्ट्री स्कूलों, गुरूकुल कुरूक्षेत्र, आर्मी स्कूलों व नवोदय विद्यालयों में प्रवेश पाकर संस्था व क्षेत्र के नाम को रोशन कर चुके हैं।

स्पेशल: जू लवर्स-डे, 8 अप्रैल

रोचक / रजनी अरोड़ा

## अट्रैक्टिव-डिफरेंट-फेमस
# दुनिया के अमेजिंग जू

बच्चो, तुमने अपने शहर या किसी दूसरे शहर में स्थित जू यानी चिड़ियाघर को जरूर देखा होगा। वैसे तो दुनिया भर में लगभग दस हजार जू हैं। लेकिन उनमें से कुछ ऐसे हैं, जो अपनी विशेषता के कारण बहुत फेमस हैं। यहां हम तुम्हें कुछ ऐसे ही अनोखे चिड़ियाघरों के बारे में बता रहे हैं।










### वियना चिड़ियाघर

**इस चिड़ियाघर** का निर्माण ऑस्ट्रिया की राजधानी वियना में 1752 ई. में किया गया था। 'टियरगार्टन शॉनब्रून' नाम से मशहूर यह चिड़ियाघर पवित्र रोमन सम्राट फ्रांसिस प्रथम ने स्थापित किया था। यह चिड़ियाघर वियना के प्रसिद्ध शॉनब्रून पैलेस के अंदर शाही परिवार के लिए एक निजी उद्यान के रूप में शुरू हुआ था। लगभग 17 हेक्टेयर क्षेत्रफल में बने इस चिड़ियाघर में 18वीं सदी की ऐतिहासिक इमारतें और आधुनिक सुविधाओं का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। यहां पांडा, पोलर बियर, शेर, बाघ, तेंदुआ जैसे अलग-अलग वातावरण में पाए जाने वाले जानवर देखने को मिलते हैं। दुनिया के सबसे पुराने इस चिड़ियाघर को यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थल में शामिल किया गया है। *

### दार्जिलिंग चिड़ियाघर

**अपने ही** देश भारत में दार्जिलिंग (पश्चिम बंगाल) के विर्च हिल इलाके में स्थित इस जू का निर्माण 1958 में किया गया था। 1975 में बंगाल की पूर्व गवर्नर और स्वाधीनता सेनानी सरोजिनी नायडू की पुत्री पद्मजा नायडू के नाम पर इस जू का नाम 'पद्मजा नायडू हिमालयन जूलॉजिकल पार्क' रखा गया। इसे 'दार्जिलिंग चिड़ियाघर' के नाम से भी जाना जाता है। यह 7,000 फीट की ऊंचाई पर 67.5 एकड़ क्षेत्रफल में बना है। इस चिड़ियाघर में मुख्य रूप से अल्पाइन क्षेत्र में रहने वाले हिमालयी पशुओं को संरक्षित किया गया है। यहां 200 से अधिक पशु प्रजातियों में स्नो लेपर्ड, तिब्बती वुल्फ, लाल पांडा, साइबेरियन टाइगर, हिमालयी न्यूट, ब्लू शीप, हिल मोनाल, रिंग नैकेंड पीसेंट, ब्लड पीसेंट, ट्रैगोपैन जैसे लुप्तप्राय पशु-पक्षी भी हैं। यह चिड़ियाघर लाल पांडा के संरक्षण के लिए विशेष रूप से जाना जाता है। *

### बटरफ्लाई जू

**वर्ष 1988** में बना फ्लोरिडा (अमेरिका) का बटरफ्लाई वर्ल्ड जू, दुनिया का सबसे बड़ा बटरफ्लाई चिड़ियाघर है। यहां करीब 5 हजार रंग-बिरंगी बटरफ्लाई हैं, जो पर्यटकों को आकर्षित करती हैं। इसके साथ ही इस चिड़ियाघर में अमेरिका का सबसे बड़ा हमिंगबर्ड, लोरिकेट जैसी उष्णकटिबंधीय बर्ड्स का घर भी है। पर्यटक यहां इन बर्ड्स को खाना भी खिला सकते हैं।




यहां के इंसेक्टेरियम में कई तरह के बग्स भी देखे जा सकते हैं। पॉपकॉर्न पार्क चिड़ियाघर 1977 में न्यू जर्सी (अमेरिका) में वन्य जीवों को संरक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से यह चिड़ियाघर बनाया गया था। इसमें प्रायः बड़ी उम्र के बीमार, घायल या बेसहारा जानवरों को ही रखा जाता है। इनमें कुत्ते, बिल्लियों जैसे घरेलू जानवर ही नहीं, शेर, बाघ, हाथी, ऊंट, लामा, इमू, लोमड़ी, बंदर, हिरण, कछुए जैसे जानवर और कई तरह के पक्षी भी हैं। *

### चिड़ियाघर नहीं समुद्री गुफा

**बच्चो,** अमेरिका के ऑरेगन समुद्र तट पर स्थित केव्स ऑफ सी लॉयन, चिड़ियाघर नहीं, बल्कि एक समुद्री गुफा है। यह स्टेलर सी लॉयंस और अन्य समुद्री जंतुओं का प्राकृतिक आवास है। यह उत्तरी अमेरिका की सबसे बड़ी समुद्री गुफा है। माना जाता है कि बेसाल्ट रॉक से बनी इन केव्स (गुफाओं) का निर्माण 25 मिलियन साल पहले हुआ था।



आधुनिक काल में इसकी खोज 1880 में कैप्टन विलियम कॉक्स ने की थी। इस स्थान को स्थनीय लोगों और पर्यटकों के लिए 1932 में खोला गया। सी लॉयंस केव्स तकरीबन 12 मंजिला इमारत जितनी ऊंची और फुटबॉल मैदान की लंबाई जितनी बड़ी है। स्टेलर सी लॉयंस के अलावा यहां कैलिफोर्निया के सी लॉयंस, टफटिड पफिंस, बाल्ड ईगल आदि कई तरह के जंतु भी पाए जाते हैं। सी लॉयंस केव्स को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में भी शामिल किया गया है। *

### लोन पाइन कोआला सेंचुरी

**यह ऑस्ट्रेलिया** के क्वींसलैंड में 1927 में बना, दुनिया का पहला सबसे बड़ा और सबसे पुराना कोआला चिड़ियाघर है। 18 हेक्टेयर क्षेत्रफल में बने इस चिड़ियाघर में 130 से अधिक



कोआला हैं। यह चिड़यिाघर क्लार्कसन परिवार द्वारा लगाए गए पाइन के दो पेड़ों और जैक एंड जिल नामक दो कोआला से शुरू हुआ था। आज यहां कंगारू, तस्मानिया डेविल, पैरेट्स, काकातुआ, इमु, कैसोवरी, लौरिकेट, प्लेटीपस और कई तरह के सरीसृप भी पाए जाते हैं। इस चिड़ियाघर की खासियत है कि यहां आने वाले पर्यटक चाहें तो इन जानवरों को खाना भी खिला सकते हैं। *

---

जानकारी / विनय कुमार पाठक

बच्चो, हर साल 6 अप्रैल को इंटरनेशनल डे ऑफ स्पोर्ट फॉर डेवलपमेंट एंड पीस डे मनाया जाता है। जानो, यह क्यों मनाया जाता है, इस वर्ष इसकी थीम क्या है?

## विकास-शांति-स्वास्थ्य के लिए
# हम भी खेलें-तुम भी खेलो

बच्चो, यह तो तुम्हें पता ही होगा कि वर्ष में कई तिथियों को विशेष दिवस के रूप में मनाते हैं। जैसे 26 जनवरी को हम सब गणतंत्र दिवस मनाते हैं। 14 नवंबर को तुम बाल दिवस मनाते हो। अभी बीते 1 अप्रैल को तुमने फूल डे भी मनाया होगा। अच्छा क्या तुमको पता है कि हर वर्ष 6 अप्रैल को किस रूप में मनाया जाता है? नहीं पता? चलो हम तुम्हें बताते हैं। 6 अप्रैल को 'इंटरनेशनल डे ऑफ स्पोर्ट फॉर डेवलपमेंट एंड पीस' के रूप में मनाया जाता है। अर्थात विकास और शांति के लिए अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस। तुम्हें पता होगा कि अपने देश में हर वर्ष 29 अगस्त को महान हॉकी खिलाड़ी ध्यानचंद की जयंती को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाते हैं। लेकिन अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस मनाने का उद्देश्य पूरी दुनिया के लोगों को खेलों का महत्व बताना है।



**इस वर्ष की थीम:** हमारे लिए विकास का बहुत महत्व है। विकास का मतलब है, पहले से बेहतर होना। शांति का भी उतना ही महत्व है। तो इन दोनों को ध्यान में रखकर ही 'विकास और शांति के लिए अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस' को मनाया जाता है। इस वर्ष इस दिन की थीम 'लेवलिंग द प्लेइंग फील्ड: स्पोर्ट फॉर सोशल इनक्लुजन' निर्धारित की गई है। इसका अर्थ है- सामाजिक समावेशन के लिए खेलकूद के समान अवसर बनाना। समावेशन का अर्थ होता है, हमारे समाज के सभी लोगों को शामिल करना। जैसे अलग-अलग रंग के, अलग-अलग आकार के, अलग-अलग सुगंध के फूल मिलकर बगिया को खूबसूरत बनाते हैं, वैसे ही सभी तरह के लोगों को जब एक साथ शामिल किया जाएगा, तभी हमारा समाज सुंदर बनेगा। इसके लिए खेलकूद से बेहतर साधन क्या हो सकता है।

**आयोजक है ओलंपिक समिति:** तरह-तरह के खेल खेलने में तो तुम्हें बहुत मजा आता होगा, है न! स्कूल में भी गेम्स पीरियड का तुम बेसब्री से इंतजार करते हो। छुट्टियों में तो अपने दोस्तों के साथ जमकर खेल का आनंद लेते ही हो। केवल बच्चे ही नहीं बड़ी उम्र के लोग भी विभिन्न खेलों का खूब आनंद लेते हैं। तुम्हें पता है, दुनिया में खेलकूद का सबसे बड़ा आयोजन ओलंपिक होता है। इसका आयोजन करने वाली समिति अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति है। हर देश में भी एक ओलंपिक समिति होती है, जो उस देश में खेलकूद को बढ़ावा देने का काम करती है।

**खेलों की महत्ता:** खेलकूद का समाज पर बहुत अच्छा प्रभाव पड़ता है। इसमें भेदभाव मिटाकर सभी को बराबर मौका मिलता है। खेलकूद के आयोजन में सभी क्षेत्र के, सभी वर्ग के, सभी धर्म के, सभी रंग के खिलाड़ी भाग लेते हैं। लोग आपसी मतभेद भुलाकर मिल-जुल कर खेलते हैं, इससे शांति का माहौल बनता है। जब माहौल शांति का होता है तो समाज और देश का विकास होता है। यही नहीं, खेलकूद से शारीरिक क्षमता बेहतर होती है। साथ ही हमारा मन भी स्वस्थ रहता है। तो तुम भी खेलकूद में जमकर हिस्सा लो और अपने शरीर के साथ-साथ मन को भी स्वस्थ बनाओ। *

---

कविता / नरेंद्र सिंह 'नीहार'

## बच्चों की आजादी




सजे-धजे स्कूल सभी हों,
खुशी-खुशी सब आएं।
टीचर जी से खुलकर बोलें,
मन की बात बताएं।
खेल-खेल में करें पढ़ाई,
करके सब कुछ सीखें।
विद्यालय की हरित वाटिका,
मिल-जुलकर हम सींचें।
डांट-डपट से दूर रहें हम,
बनें न कभी फसादी।
बात-बात पर शाबाशी हो,
कदम-कदम आजादी।

---

तुम्हारे लिए नई किताब / चंद्रप्रकाश

## कौवे की मजेदार शादी

शादी-ब्याह का समारोह हो या कोई दावत, तुम उसमें खूब सज-धज कर जाते होगे, है न! इस रंगीन चित्रों वाली किताब 'कालू कौवे की शादी' में ऐसा ही एक किस्सा है, जिसमें एक कौवा अपनी शादी की खुशी में खूब सजा-धजा दिखना चाहता है। इसके लिए वह निकल पड़ता है, अपने दोस्तों से उनकी मदद मांगने। मोर से वह रंग-बिरंगे पंख उधार लेता है, मिट्ठू तोते से उसकी सुंदर लाल चोंच। उल्लू से आंखें और शुतुरमुर्ग से लंबे-लंबे पैर। अब यह सब पहनकर वह अनोखा बन जाता है। फिर निकल पड़ता है, अपनी बारात लेकर कौवी से शादी रचाने। लेकिन बाहर के मौसम और धूप से इस अनोखी बारात में सब उलट-पुलट हो जाता है। यह सब कैसे होता है और फिर अंत में क्या होता है, यह जानने के लिए तुमको यह किताब पढ़नी होगी। *




**किताब:** कालू कौवे की शादी, **लेखिका:** डॉ. कमलेश कुमारी, **मूल्य:** 150 रुपए, **प्रकाशक:** अद्विक पब्लिकेशन, **दिल्ली**

---



गुजराती कहानी
पुष्पा अंताणी

घूमने की शौकीन चिल्ली बिल्ली एक दिन जंगल पहुंच गई। उस समय जंगल का राजा बाघ सैर पर था। उसके भेड़िए सैनिकों ने बिल्ली को धर दबोचा। वह बाघ राजा के सामने लाई गई। चिल्ली बिल्ली ने बहुत सूझ-बूझ से काम लिया। बाघ राजा के सामने उसने कुछ इस तरह बातें बनाईं कि वह चिल्ली बिल्ली को अपनी मौसी मान बैठा।

# बाघ की मौसी चिल्ली बिल्ली



एक थी बिल्ली। नाम था चिल्ली। चिल्ली घूमने की बहुत शौकीन थी। दिन शुरू होते ही वह घूमने निकल पड़ती। पूरा दिन बस घूमना-फिरना। एक बार चिल्ली घूमते-घूमते जंगल में पहुंच गई। वहां उसे कुछ जानवर मिले। जंगल के रास्ते के बीचों-बीच चिल्ली को चलते हुए देख एक जानवर ने पूछा, 'कौन है तू? बीच रास्ते में क्यों चल रही है? इस जंगल का राजा बाघ सैर करने निकला है। वह तुझे बीच रास्ते में टहलते देखेगा तो गुस्साएगा।'

बिल्ली ने अपना सीना फुलाकर कहा, 'मैं हूं बिल्ली, नाम मेरा चिल्ली। मैं तुम्हारे राजा बाघ से डरती-वरती नहीं।' यह कह बिल्ली आगे बढ़ गई। थोड़ा आगे गई तो दो सैनिक भेड़िए मिले। बिल्ली को बीच रास्ते में चलती देख दोनों चिल्लाए, 'ओय तू है कौन? राजा जंगल में सैर करने निकले हैं और तू उनके रास्ते के बीच इस तरह घूम रही है? राजा देख लेगा तो तेरी खाल उधेड़ देगा।'

बिल्ली ने अपना सिर उठाया और रुआब से बोली, 'मैं हूं बिल्ली, नाम मेरा चिल्ली। बाघ राजा होगा तुम्हारा। मैं उससे डरती-वरती नहीं हूं।'

इतने में जंगल का राजा बाघ वहां आ पहुंचा। सैनिक घबरा गए। उनको कुछ समझ में नहीं आया कि क्या करें? जंगल में सैर करने में बाधा आने से बाघ गुस्साया। जोर से गुर्राते हुए बोला, 'कौन है यह?'

बाघ को देखकर और उसकी दहाड़ सुनकर बिल्ली के होश उड़ गए, लेकिन उसने तुरंत ही अपने आपको संभाल लिया और एक तरकीब सोच ली।

सैनिकों ने झुक-झुक कर राजा को सलामी दी और बताया, 'हुजूर, यह कहती है- मैं तुम्हारे राजा से डरती-वरती नहीं हूं।'

बाघ ने लाल-लाल आंखों से बिल्ली की ओर देखा और सैनिकों को हुकुम दिया, 'इसे दरबार में ले आओ। मैं जंगल का दौरा पूरा कर वापस आता हूं, इसके बाद इससे निपटता हूं।'

सैनिकों ने बिल्ली को गिरफ्तार किया और राजा के दरबार में ले गए। थोड़ी देर बाद बाघ दरबार में आया। बिल्ली को बाघ के सामने लाया गया। बाघ ने दहाड़ कर पूछा, 'ओय बिल्ली, क्या तू मुझसे डरती नहीं?'

बिल्ली लापरवाही से अपने शरीर को पंजों से खुजलाते हुए बोली, 'नहीं, मैं तुमसे डरती नहीं हूं।'

बाघ और ज्यादा क्रोधित होकर बोला, 'तुझे पता है, मैं इस जंगल का राजा हूं?'

'होगा! इससे मुझे क्या? न तो मैं इस जंगल में रहती हूं और न ही तुम मेरे राजा हो। मैं तो तुम्हारे परिवार की सदस्य हूं। फिर मुझे तुमसे क्यों डरना चाहिए?' बिल्ली तिरछी नजर से बाघ की तरफ देखते हुए बोली।

'मेरे परिवार से मतलब..? बाघ को बात कुछ समझ में नहीं आई।

बिल्ली अपना मुंह फुलाकर बोली, 'बाघ राजा, क्या तुमको इतना भी पता नहीं? तुम्हारी मां और मैं दोनों बहने हैं।' बाघ चौंका। उसने बिल्ली को ध्यान से देखा और बोला, 'अरे जा! तू झूठ बोल रही है। कहां मेरी ताकतवर मां और कहां इतने छोटे कद वाली तू! तू तो मेरे बच्चे से भी छोटी है!'

'तुम्हारी बात सही है, बाघ जी! फिर भी हम दो बहनें हैं। तुम्हारी मां का शरीर ताकतवर, भयानक और बड़ा है और मैं इतनी छोटी हूं। इसके पीछे एक लंबी कहानी है।' बिल्ली बाघ से बोली।

बाघ को बिल्ली की बातों में दिलचस्पी होने लगी। उसने पूछा, 'कौन सी कहानी..?'

बिल्ली ने कहानी बताई, 'मैं और तुम्हारी मां सगी बहनें हैं। तुम्हारी मां बड़ी और मैं छोटी। तुम्हारी मां जब बड़ी हो गई तो वह जंगल में चली आई। अच्छी-सी गुफा बनाई और उसमें रहने लगी। फिर वह जंगल के जानवरों का शिकार करके उनका मांस खाने लगी। उसका शरीर बढ़ता गया। इसलिए वह मोटी और ताकतवर बन गई।'

बाघ उसकी बात ध्यान से सुन रहा है या नहीं, यह देखने के लिए बिल्ली बोलते हुए थोड़ी देर रुक गई।

बाघ ने उत्सुकता से पूछा, 'फिर क्या हुआ?'

'हां... बताती हूं। तब मैं बहुत छोटी थी। एक बार मैं अकेली गुफा के बाहर खेल रही थी। खेलते-खेलते मैं काफी दूर निकल गई। फिर गुफा में वापस जाने का रास्ता भूल गई। एक गांव में पहुंच गई। वहां जंगल का कोई भी जानवर नहीं दिखा तो मैं रोने लगी। इतने में राजू नाम का एक लड़का आया। उसने मेरे आंसू पोंछे, मेरा सिर सहलाया और अपने घर ले गया। उसने मुझे अपने घर में ही रखा। वह जो खाता था वही दूध और रोटी मुझे खिलाता। ऐसे खाने से मेरा शरीर छोटा ही रह गया और मैं इतनी छोटी ही रही। अब तो मेरी बात तेरी समझ में आई कि नहीं आई?' बिल्ली ने अपनी बात पूरी की।

राजा बाघ और बाकी जानवरों को बिल्ली की बात सच्ची लगी। बाघ खुश हो गया। वह अपने सिंहासन से खड़ा हुआ, बिल्ली के पास गया और उसे प्रणाम किया। फिर बोला, 'मेरी मां तो अब इस दुनिया में नहीं है, पर तुम मेरी मौसी हो। अब तुम यहां इस जंगल में आराम से रह सकती हो।'

बिल्ली बोली, 'ना, बाबा, ना! मेरा दोस्त राजू मेरे बिना नहीं रह सकता। इस वक्त भी वह मुझे ढूंढता हुआ रोता होगा। मैं अब अपने गांव वापस जाऊंगी।'

बाघ ने अपनी मौसी बिल्ली पर प्यार से अपना पंजा फेरा और बोला, 'चिल्ली मौसी, जैसी तुम्हारी मर्जी। अब जब भी तुम्हारा मन करे, जंगल में घूमने आ जाना।'

चिल्ली बिल्ली ने अपने गांव की ओर कदम बढ़ा दिए। बाघ राजा और जंगल के सारे प्राणी भी बिल्ली मौसी को विदाई देते हुए बोले, 'जल्द ही फिर मिलेंगे चिल्ली मौसी!'

जंगल से वापस अपने गांव की ओर लौटते हुए चिल्ली बिल्ली मन ही मन में मुस्कुराती हुई पूरे रास्ते बोलती रही, 'मैं तो बाघ की मौसी... मैं तो बाघ की मौसी...!' *

**हिंदी अनुवाद : सेतु अंताणी**

---



## जीके क्विज-148



1. हाल ही में छत्तीसगढ़ के किस साहित्यकार को 59वां ज्ञानपीठ पुरस्कार प्रदान करने की घोषणा की गई है?
2. विग्नेश पुथुर का संबंध किस खेल से है?
3. हरियाणा के वर्तमान मुख्यमंत्री कौन हैं?
4. विश्व का सबसे प्रदूषित देश कौन-सा है?
5. किस सिख गुरु ने अमृतसर शहर की स्थापना की थी?
6. भारत का सबसे बड़ा स्पोर्ट्स स्टेडियम कौन-सा है?
7. एलपीजी सिलिंडर में मुख्य रूप से कौन-सी गैस भरी होती है?
8. विश्व का सबसे बड़ा मरुस्थल कौन-सा है?
9. विटामिन E का रासायनिक नाम क्या है?
10. विश्व धरोहर दिवस कब मनाते हैं?

बच्चों, जीके क्विज-148 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-147 का उत्तर :** 1. 286 दिन, 2. 58 करोड़, 3. भिवंडी, 4. 7 अप्रैल, 5. हैदराबाद, 6. विल्हेम कोनराड रॉन्टजेन, 7. आयरन (लौह तत्व), 8. माइटोकॉन्ड्रिया, 9. कर्नाटक, 10. क्षिप्रा

**जीके क्विज-147 का सही उत्तर देने वाले :** शिवम-रायपुर, किशन-बिलासपुर, कबीर-हिसार, नीटू-सीतापुर, बालमुकुंद-कुनकुरी, तृप्ति-ईमेल से, ट्विंकल-ईमेल से, प्रतीक-बलौदा बाजार, दिव्या-रोहतक, सचिन-महासमुंद

---

## रंग भरो-172

**रंग भरो-172** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




आस्तिका, चांपा


सार्थक, रायपुर


तमन्ना, कोरबा


वेदका, बालोद


रितेश, मटियारी


अथर्व, बिलासपुर

**इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय**

पलक-अटेली मंडी, रानी-बालाघाट, डॉली-मटियारी, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, रोहन-करनाल, अमन-बिलासपुर, जागृति-कोरबा

---



## रंग भरो 173

बच्चो, यहां तितली और फूलों का एक सुंदर-सा ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।



## खबर संक्षेप

### एसडीएम ने समाधान शिविर में सुनीं शिकायतें

**तोशाम।** एसडीएम डॉ. अशवीर सिंह नैन ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार की ओर से लगाए जा रहे समाधान शिविर आमजन की शिकायतों के समाधान का सशक्त माध्यम बन रहे हैं। एसडीएम अपने कार्यालय में समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतों की सुनवाई करते उपमंडल में अतिक्रमण हटाने के लिए संबंधित अधिकारीयों को यथाशीघ्र निपटाने के निर्देश दिए।

### सैम मानेकशॉ की जयंती धूमधाम से मनाई

**भिवानी।** हलवासिया विद्या विहार के माधव सभागार में अभिमन्यु सदन की देख-रेख में फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ की जयंती बहुत धूमधाम से मनाई गई। सर्वप्रथम प्राचार्य विमलेश आर्य, वरिष्ठ विभाग प्रमुख एलेग्जेंडर दास, अमरेंद्र कुमार ,माध्यमिक विभाग प्रमुख सुवीरा गर्ग, इंचार्ज वीणापाणि मेहता, अभिमन्यु सदन प्रमुख कविता तंवर , आचार्या रेखा ठाकुर, मीनू तंवर, लक्ष्मी शर्मा द्वारा सैम मानेकशॉ की प्रतिमा के समक्ष पुष्पार्पण कर सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### बिजली दरों में बढ़ोतरी गलत, तुरंत वापस लें

**भिवानी।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी ( मार्क्सवादी) के जिला सचिव मंडल ने प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा बिजली की दरों में की गई बेतहाशा बढ़ोतरी की कड़ी निंदा की। उन्होंने इसे मेहनतकश जनता पर नया बोझ करार देते हुए तुरंत वापस लेने की मांग की है, ये बात पार्टी के जिला सचिव कामरेड ओमप्रकाश ने प्रेस को जारी बयान में कही। उन्होंने कहा कि बिजली की दरों में 20 से 40 पैसे प्रति यूनिट बढ़ोतरी के साथ ही प्रति किलोवाट के हिसाब से 50 रुपये फिक्स चार्ज भी लगाया, जिसका कोई भी कारण नहीं बताया गया है

### लोगों की शिकायतों का शीघ्र करें निपटाराः डीसी

**चरखी दादरी।** समाधान शिविर में आने वाली प्रत्येक शिकायत का गंभीरता से यथाशीघ्र निपटारा करें। समाधान शिविर में आने वाले नागरिकों को विभागों की कल्याणकारी योजनाओं का पात्रता अनुसार लाभ दिया जाए। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशों के अनुसार जिला में प्रत्येक कार्य दिवस पर सुबर 10 से 12 बजे तक समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। वीरवार को उपायुक्त मुनीश शर्मा ने लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित शिकायतों की सुनवाई की और कहा कि सभी अधिकारी समाधान शिविर में प्राप्त होने वाली हर शिकायत का नियमानुसार निदान यह सुनिश्चित करें।

### थाना प्रभारी ने होटल मालिकों के साथ की बैठक

**चरखी दादरी।** शहर में अपराधों पर नियंत्रण व सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से वीरवार को सिटी थाना प्रभारी सन्नी ने होटल संचालकों के साथ बैठक की। उन्होंने होटल संचालकों को सुरक्षा से संबंधित मापदंड पूरे करने व होटल का रजिस्ट्रेशन हर समय पोर्टल पर करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि होटल में रुकने वाले लोगों की आईडी, फोन नंबर, वाहन का नंबर व साथ आने वालों की जानकारी रखें।


### गंदगी के कारण बीमारियों का शिकार हो रहे घूमने आने वाले नागरिक: ग्रेवाल

# हरियाणा निर्माता चौधरी बंसीलाल के नाम से बना पार्क बदहाली का शिकार

बुजुर्ग अपने स्तर पर कर रहे चौधरी बंसीलाल पार्क में पेड़-पौधों का रख-रखाव : नागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी





**भिवानी।** चौधरी बंसीलाल पार्क की बदहाली के विरोध में एकत्रित क्षेत्रवासी, चौधरी बंसीलाल पार्क में बहता गंदा पानी व चौधरी बंसीलाल पार्क में टूटी पड़ी डस्टबिन।

हरियाणा निर्माता पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी बंसीलाल के नाम पर हालुवास गेट पर पार्क की हालत दिनों-दिन खराब होती जा रही है। एक समय में पार्क क्षेत्रवासियों के लिए घूमने-फिरने और बच्चों के खेलने का प्रमुख स्थान था, लेकिन अब बदहाली का शिकार हो चुका है। हद की बात तो ये है कि पार्क में फैली विभिन्न समस्याओं के समाधान की गुहार कई बार क्षेत्रवासियों ने लगाई है, लेकिन जिला प्रशासन का इस ओर कोई ध्यान नहीं है और मूकदर्शक बनकर मौन बैठा नजर आ रहा हैं, जिसके चलते पार्क की बदहाल स्थिति रोजाना बद से बदत्तर हो रही है।

संबंध में वेटरन संगठन एवं वरिष्ठ नागरिक एसोसिएशन के सदस्यों ने जमकर रोष जताया तथा प्रशासन से पार्क की सूध लेने की मांग की। संगठन के जिला प्रधान सूबेदार मेजर विरेंद्र सिंह ग्रेवाल ने कहा कि चौधरी बंसीलाल पार्क में चारों ओर गंदगी का अंबार लगा हुआ है, नियमित सफाई न होने के कारण जगह-जगह कूड़ा-कचरा फैला हुआ है। वहीं कई जगहों पर घास और झाड़ियां इतनी अधिक बढ़ चुकी हैं कि अब पार्क कम, जंगल ज्यादा नजर आता है। यही नहीं पार्क की बदहाल स्थिति के चलते लोग अपने पालतू पशु घुमाने लाते है, जिन्हें रोकने वाला भी कोई नहीं होता। उन्होंने बताया कि बच्चें दिन के समय क्रिकेट खेलते है और पार्क में बैठने के लिए बनी बैंच टूटी हुई है। वहीं बिजली मीटर लगाए जाने के अभाव में फव्वारे भी बंद पड़े है। पार्क में गंदगी इतनी बुरी तरह से फैली रहती है कि यहां पर घूमने आने वाले लोग बीमार हो रहे है।

वरिष्ठ नागरिक एसोसिएशन के सदस्य सूबेदार धर्मपाल सोनी व धर्मबीर नागर ने बताया जिला प्रशासन की अनदेखी के चलते पार्क असामाजिक तत्वों का भी अड्डा बनता जा रहा है, यहां पर पेड़-पौधों का रख-रखाव भी बुजुर्ग अपने स्तर पर करते है। उन्होंने मांग की कि प्रशासन को जल्द से जल्द पार्क की सुध लेनी चाहिए, नियमित सफाई, टूटी हुई सुविधाओं की मरम्मत और सुरक्षा की व्यवस्था



की जानी चाहिए, ताकि पार्क फिर से हरियाणा निर्माता चौधरी बंसीलाल की प्रतिष्ठा के अनुरूप बन सके। इस अवसर पर संगठन के उपप्रधान रामकुमार फौजी सिपर, सेवानिवृत्त जेई रामजीलाल, प्रेमसिह मारोठिया, सेवानिवृत्त एएसआई शेखर शर्मा, रामकुमार प्रजापति, गोविंद सोनी सहित अन्य नागरिक मौजूद रहे।



**भिवानी।** आसमान में छाए बादलों का दृश्य। *फोटो : हरिभूमि*

# मौसम का बदला मिजाज किसानों की हार्टबीट बढ़ी

- रबी फसलों की कटाई व कढ़ाई का कार्य जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

पिछले दो-तीन दिनों से दिन का तापमान बढने के चलते लोगों को पसीने आने लगे थे,लेकिन गुरुवार को हलकी बादलवाई से लोगों को तेज धूप व गर्मी से तो थोडी बहुत राहत मिली है,लेकिन बढ़ती बादलवाई की वजह से किसानों की हार्टबीट बढ़ने लगी है। चूंकि इस वक्त रबी फसलों की कटाई व कढाई का कार्य जारी है। अगर थोड़ी सी भी बारिश हो गई तो फसलों की कटाई व कढाई का कार्य प्रभावित होना लाजिमी है। क्योंकि हलकी बारिश से भी खलिहानों में एकत्रित की गई सरसों व चने की फसल में नमी बढ़ जाएगी और ऐसे में उसकी थ्रैसिंग करनी बड़ी मुश्किल होगी। फिलहाल किसान आसमान की तरफ टकटकी लगाए बैठे है।

गुरुवार सुबह जब लोग सोकर उठे तो उस वक्त आकाश काले बादलों से अटा हुआ था। धीमी गति से हवा चल रही थी। दोपहर तक आसमान पूरी तरह से काले बादलों से अट गया। हालांकि बारिश नहीं आई,लेकिन पूरे दिन आसमान से पानी टपकने का भय बना रहा।

कुछ किसानों ने बदलते मौसम की वजह से अपनी फसलों की कटाई व कढाई का कार्य रोक दिया। क्योंकि अगर फसल कटने व निकालते वक्त थोड़ी सी भी बारिश हो जाती है तो निकाली गई फसलों का भीगना लाजिमी है। जिससे फसल की गुणवता में कमी आएगी। फिलहाल किसानों की नजर आसमान पर लगी है।

#### *लगातार बढ़ रहा है पारा*

*बीते कुछ दिनों से लगातार पारा बढ रहा है। पारा 30 डिग्री सेल्सियस से बढ़ कर 36 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। ऐसे में लगातार पारा बढने से लोगों को गर्मी सताने लगी है। यहां तक कि धीमी गति से चल रही हवा भी अब गर्माने लगी है। अगर यही स्थिति रही तो जल्द ही लू के थपेड़े सहने पड़ेंगे। फिलहाल आज हुई बादलवाई की वजह से पारा के उपर चढने पर ब्रेक लग गया। बताया जा रहा है कि आज ही हलका पश्चिमी विक्षोभ पहुंचा है। उसकी वजह से आसमान मे बादलवाई हुई है। बादलवाई की वजह से पारा थोड़ा सा शांत हुआ है।*

# ज्ञानवर्धन करती हैं पुस्तकें:डॉ.हरिकेश

- हुजुर कंवर साहब ने किया पुस्तक एलिमेंट्स ऑफ बिजनेस कम्युनिकेशन का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



**भिवानी।** पुस्तक का विमोचन करते संत कंवर साहेब। *फोटो : हरिभूमि*

वैश्य महाविद्यालय भिवानी के स्वपोषित विभाग की निर्देशिका डॉ.प्रोमिला सुहाग द्वारा लिखित छठी पुस्तक एलिमेंट्स ऑफ बिजनेश कम्युनिकेशन (व्यवसायिक संचार) का विमोचन राधा स्वामी दिनोद धाम के प्रागंण में राधा स्वामी दिनोद धाम के परम संत हुजुर कंवर साहिब जी महाराज द्वारा किया गया।

विमोचन अवसर पर महाविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग के प्राध्यापक डॉ.हरिकेश पंघाल,सुनील सुहाग, वैश्य महाविद्यालय भिवानी के स्वपोषित विभाग की निर्देशिका डॉ.प्रोमिला सुहाग,डॉ विष्णु कांत उपस्थित रहे। इस अवसर पर संत हुजुर कंवर साहिब ने कहा कि पुस्तक से हमें जो शिक्षा और ज्ञान प्राप्त होता है, वह बेजोड़ है, लेकिन विद्यार्थियों की मांग के अनुरूप पुस्तक उपलब्ध कराके शिक्षा प्रणाली को थोड़ा आधुनिक बनाने में बेटी डॉ प्रोमिला सुहाग ने अपना जो योगदान दिया है वह प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तकों का अध्ययन करना चाहिए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत तैयार की गई ये पाठ्य पुस्तकें विश्वविद्यालय की शिक्षा संबंधी नीतियों को पूरा कर रही है ।

उन्होंने कम कीमत पर विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराने की प्रेरणा दी। है। महाविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग के प्राध्यापक डॉ.हरिकेश पंघाल ने कहा कि पुस्तकों का अपना विशेष महत्व है, पुस्तके हमारे ज्ञानवर्धन के साथ हमारा मार्गदर्शन भी करती हैं। इस अवसर पर राधा स्वामी दिनोद धाम की साध संगत के सदस्यगण सहित परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहें।

## बिजली दरों में वृद्धि से बढ़ेगा आम जनता पर आर्थिक बोझः तालु

**भिवानी।** भाजपा शासनकाल में जनता पहले से ही महंगाई की मार झेल रही है। लेकिन सरकार आमजन को महंगाई से राहत दिलाने की बजाए उन पर और अधिक महंगाई का चाबुक चला रही है। प्रदेश सरकार ने अब बिजली बिलों में 20 से 40 पैसे प्रति यूनिट तक की बढ़ोतरी की घोषणा की है, जिससे घरेलू और व्यावसायिक उपभोक्ताओं की जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। यह बात ग्राम स्वराज किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जोगेंद्र तालु ने बिजली बिलों में बढ़ोत्तरी के फैसले को वापिस लेने की मांग करते हुए कही। तालु ने कहा कि नई दरों के लागू होने के बाद बिजली बिलों में साफ बढ़ोतरी देखी जाएगी।

# मुखिया ने स्टाफ संग मिलकर झोंकी ताकत

- लाखों लगाकर विद्यालय के लुक को किया हाई-फाई, शहरवासियों का मिल रहा भरपूर सहयोग

दीपक कुमार डुमड़ा ⏭ बवानीखेड़ा



**बवानीखेड़ा।** वीर शहीद श्री गुलाब सिंह पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य आनंद कुमार शर्मा।

''कौन कहता है कि आसमान में छेद नहीं होता, एक पत्थर तो तबीयत से उछालो यारो'' इस कहावत को चरितार्थ किया है बवानी खेड़ा के वीर शहीद श्री गुलाब सिंह पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य आनंद कुमार शर्मा ने।

प्राचार्य ने स्टाफ सहित मिलकर जहां नए सत्र से विद्यार्थियों की संख्या को बढ़ाने की योजना बनाई वहीं एसएमसी सदस्य एवं समाजसेवियों द्वारा भी इनकी कार्यप्रणाली से प्रभावित होकर सभी इनका सहयोग कर रहे हैं। वर्षो पुरानी विद्यालय में खेल स्टेडियम की मांग के अटके कार्य को लेकर वरिष्ठ नागरिकों, समाजसेवियों, वार्ड पार्षदों से मिलकर विद्यालय के साथ लगती जमीन को विद्यालय में शामिल करवाया व समाजसेवी लोगों से इसमें मुख्य द्वार, मंच आदि की व्यवस्था करवाई जिससे छात्राएं इसमें खेल कूद, सामाजिक, धार्मिक, विभाग के आदेशानुसार कार्यक्रम की व्यवस्था में भाग ले सके।

सीमित दायरे में विद्यालय के भवन में कमरों की कमी की पूर्ति के लिए भी पूरी योजनाबद्ध तरीके से इसमें कमरों पर कमरे बनवाकर व इसमें रंग पेंट सहित महान विभूतियों की कार्यप्रणाली को भी अंकित करवाकर इसे सुसज्जित करने का कार्य किया। जहां प्रसाधन की व्यवस्था नहीं थी उसे भी दुरूस्त करवाया गया। प्राचार्य आनंद कुमार शर्मा द्वारा समस्त स्टाफ संग मिलकर नए सत्र पर दाखिला प्रक्रिया से पहले हवन-यज्ञ का आयोजन करवाया ।



## बच्चों के अधूरे डॉक्यूमेंट और सरकार के नियमों के कारण दाखिला करने में आ रही अड़चनें

**भिवानी।** पिछले तीन दिन से स्कूलों के स्टाफ से संपर्क, पंचायत, अभिभावकों व अध्यापक संघ की बैठक में कई समस्याएं सामने आई हैं, जैसे बच्चों के अधूरे डॉक्यूमेंट और सरकार के नियमों की बड़ी समस्या आ रही है। आधार कार्ड, परिवार पहचान पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, अपार के लिए माता-पिता का आधार कार्ड, बैंक खाते के लिए राशन कार्ड और रिहाईशी प्रमाण पत्र आदि सरकार ने जरूरी कर दिए हैं, जबकि हमारा मानना है कि तीन साल से बड़ा बच्चा मिल गया बाकी कुछ जरूरी नहीं होना चाहिए, इसे अभिभावकों, शिक्षकों या बच्चों के गले की फांस न बनाया जाए, ये बात जिला सचिव सुमेरसिंह आर्य ने कही। आर्य ने कहा कि सरकार की कोई अलग टीम अपने सभी संसाधनों सहित सालभर स्कूलों में घूम-घूमकर जिनके दस्तावेज नहीं है, उनके फ्री में बना दें, जिससे बिना किसी अड़चन के बच्चा शिक्षा ग्रहण कर सकें। सरकार बयान देती है कि बिना डॉक्यूमेंट के दाखिला कर लो, लेकिन शिक्षकों को डॉक्यूमेंट और ऑनलाइन प्रक्रियाओं के लिए परेशान किया जाता है। स्कूल में दाखिले के लिए आने वाले बच्चों के डॉक्यूमेंट्स नहीं होने पर सीएससी पर अंगूठा स्कैन करवाकर आधार नंबर करवा लें, नहीं तो माता पिता से एक कागज पर नाम, जन्मतिथि, माता-पिता का नाम और जाति प्रमाण पत्र करवाकरदाखिला कर लें।

# ग्रामीणों ने विधायक का किया स्वागत

- विधायक कपूर वाल्मीकि ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम का दिया न्योता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बवानीखेड़ा



**बवानीखेड़ा।** विधायक कपूर वाल्मीकि का स्वागत करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

बवानी खेड़ा हलका विधायक कपूर वाल्मीकि ने अपने धन्यवादी दौरे की शुरूवात की जिसमें सुमड़ा खेड़ा, बलियाली, रामूपुरा, सुई, लोहारी जाटू, मंढ़ाणा, तिगड़ाना में धन्यवादी दौरा किया जिसमें लोगों का उत्साह देखने को मिला। हालांकि विधायक ने पहले भी ये दौरा किया था। वीरवार को धन्यवादी दौरे में विधायक के अनेक गांवों में पहुंचने पर ग्राम वासियों के साथ सरपंच व ग्राम वासियों द्वारा फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया और ग्राम वासियों ने जो भी अपनी समस्या बताई साथ में आए अधिकारियों द्वारा उन समस्याओं का समाधान किया गया और जो गांव की बड़ी समस्या थी उस समस्या को विधायक जी ने जल्दी पूरा करने का आश्वासन दिया और हिसार में आ रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी 14 तारीख को होने वाले कार्यक्रम एयरपोर्ट उद्घाटन के लिए ग्राम वासियों को हिसार में पहुंचने का न्योता दिया। विधायक के स्वागत में ऐसा लोगों का उत्साह देखने को मिल रहा था जो देखने लायक था। विधायक किसी सेलिब्रिटी से कम नहीं लग रहे थे। वहीं विधायक ने भी बताया कि जिस प्रकार से हलके की जनता ने उन्हें जीताकर विधानसभा भेजा है वे उसे कभी नहीं भुला पाएंगें। इस अवसर पर विधायक के भाई राजेश कुमार, राकेश कुमार, सरपंच सचिन सरदाना, सरदार सुदर्शन सिंह, प्रवीण पाहवा,विनित, ऋषि, आशीष वाल्मीकि सहित अनेक मौजूद थे।



## हवन-यज्ञ के साथ नए सत्र का आरंभ

**भिवानी।** सरस्वती विद्या विहार,आसलवास दुबिया में नए सत्र की शुरुआत हवन-यज्ञ से हुई, जिसमें छात्रों और शिक्षकों ने आहुति डालकर नए सत्र की सफलता और छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वैदिक मंत्रोच्चारण और यज्ञ के पवित्र वातावरण से पूरे विद्यालय में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। यज्ञ के पश्चात विद्यालय का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया , जिसमें मेधावी छात्रों को सम्मानित किया । इस अवसर पर पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन भी किया गया,जिसमें विद्यालय के चेयरमैन राजबीर सिंह , प्रधानाचार्य जोगेंद्र भारद्वाज, प्राइमरी हेड अमिता महत्ता, सविता जांगड़ा, शिक्षकगण व सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे। विद्यार्थियों को पारितोषिक प्रमाण-पत्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। विद्यालय के अधिकतर छात्र-छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की, जिससे शिक्षकों और अभिभावकों में हर्ष का माहौल रहा। विद्यालय के सबसे मेहनती और अनुशासित छात्रों को भी विशेष सम्मान से नवाजा गया। साथ ही, सांस्कृतिक, खेल और विज्ञान प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले छात्रों को भी प्रोत्साहन पुरस्कार दिए गए। चेयरमैन राजबीर सिंह ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि "विद्यार्थी जीवन में अनुशासन और मेहनत सबसे महत्वपूर्ण हैं।

### शिविर में 21 युवाओं ने किया रक्तदान

# मनीष वर्मा ने 61वीं बार रक्तदान कर कमाया पुण्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

शादी की सालगिरह खास अवसर होता है, जिसे लोग खुशी एवं प्रेम के प्रतीक के रूप में मनाते हैं। इस दिन रक्तदान करना बहुत ही प्रेरणादायक और समाजसेवी कार्य साबित होता है, क्योंकि शादी की सालगिरह पर किया रक्तदान दर्शाता है कि उनका रिश्ता न केवल एक-दूसरे तक सीमित है, बल्कि वे समाज के लिए भी योगदान देने को तत्पर हैं।

#### सालगिरह पर शिविर

इसी कड़ी में रक्तवीर मनीष वर्मा व उनकी धर्मपत्नी आरती सोनी ने वीरवार को अपनी शादी की सालगिरह पर रक्तदान शिविर लगाकर युवाओं को रक्तदान की मुहिम से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। चौधरी बंसीलाल नागरिक अस्पताल के ब्लड बैंक में आयोजित रक्तदान शिविर में बतौर मुख्यतिथि शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा ने शिरकत की। 21 यूनिट रक्त एकत्रित किया।




#### प्रेम, सेवा और मानवता का अनूठा संगम

वहीं रक्तवीर मनीष वर्मा ने 61वीं बार रक्तदान किया। सभी रक्तदाताओं को मुख्यतिथि शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा ने बैज लगाकर व प्रमाण देकर सम्मानित किया। डुडेजा ने कहा कि शादी की सालगिरह पर रक्तदान करना महान पहल है, जो न केवल जरूरतमंदों की मदद करता है, बल्कि यह सकारात्मक सामाजिक संदेश भी देता है, ये प्रेम, सेवा और मानवता का अनूठा संगम है, जिसे अपनाकर हम अपने रिश्तों को और भी मजबूत और अर्थपूर्ण बना सकते हैं। रक्तवीर मनीष वर्मा व आरती सोनी ने कहा कि खास मौकों को यादगार बनाने के लिए लोग अलग-अलग तरीके अपनाते हैं, लेकिन उन्होंने रक्तदान के माध्यम से जरूरतमंद मरीजों की जान बचाने के अभियान में आहुति डालते हुए अपनी शादी की सालगिरह को यादगार बनाने का प्रयस किया है। इस मौके पर शशांक सोनी, विपुल सोनी, राहुल सोनी, अधिवक्ता कुलदीप सोनी ने 15वी बार, राकेश, गोपाल गोयल, अशोक सैनी, साहिल, राकेश, नितिन शर्मा, अजय, महिपाल, धर्मेंद्र, अमरजीत, सोमबीर, पवन प्रह्लादगढ़ आदि युवाओं ने रक्तदान किया। इस मौके पर डॉ. मोनिका सांगवान, डॉ. रमेश लांबा, नर्सिंग अधिकारी सुभाष, स्टाफ नर्स गुंजन, लेब टेक्नीशियन रामचंद, कृष्णा सांगवान, प्रदीप, मीडिया कोर्डिनेटर सुरेश सैनी आदि मौजूद रहे।

# वेरिफिकेशन कार्य समय पर हो: एडीसी

- फिजिकल वेरिफिकेशन के नाम पर खानापूर्ति करने वालों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई : एडीसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

एडीसी डॉ मुनीष नागपाल की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हाल में नागरिक संसाधन सूचना विभाग (क्रीड) से संबंधित अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परिवार पहचान पत्र से संबंधित फिजिकल वेरिफिकेशन का कार्य संबंधित व्यक्ति के घर पर जाकर किया जाए। फिजिकल वेरिफिकेशन के नाम पर खानापूर्ति करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

इसके साथ उन्होंने निर्देश दिए कि फिजिकल वेरिफिकेशन का कार्य समयबद्ध समय तरीके से हो ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो। उन्होंने निर्देश दिए कि समाधान शिविरों के माध्यम से आने वाली क्रीड से संबंधित शिकायतों को अति सीघ्र निपटाए नहीं तो उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि परिवार पहचान पत्र में जिसकी आय शून्य दिखाई गई है, उसकी फिजिकल वेरीफिकेशन भी जरूर की जाए।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि परिवार पहचान पत्र के साथ सरकार की अनेक योजनाएं जुड़ी हुई हैं। इसलिए सभी संबंधित कर्मचारी मौके पर जाकर पूरी गहनता के साथ जांच करें और ईमानदारी व निष्ठा पूर्ण कार्य करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी मौके पर जाकर जांच करेंगे तो पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ मिलेगा। जांच के दौरान 180000 रुपए से कम आय वालों के घर में कार, स्कूटर, टीवी, फ्रिज इत्यादि की पूरी तरह से जांच करें।

#### सूचना

मैं, राजकुमार पुत्र श्री श्योपाल निवासी बवानी खेड़ा, तहसील बवानी खेड़ा, जिला भिवानी बयान करता हूं कि मेरा पुत्र मनोज कुमार उर्फ गुल्लु मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप



### पब्लिक स्कूल में हवन के साथ नया सत्र शुरू

**भिवानी।** पब्लिक स्कूल बाल भवन में नए सत्र के शुभारंभ अवसर पर प्रार्थना सभा में नए विद्यार्थियों का स्वागत तिलक लगाकर किया गया। प्रार्थना सभा के पश्चात प्रधानाचार्या मंजूषा, उप-प्रधानाचार्या सागरिका मल्होत्रा व सभी स्टाफ सदस्यों तथा बच्चों के द्वारा हवन किया गया। पंडित ने सभी बच्चों से पूर्णाहुति डलवाकर हवन संपन्न किया। हवन के पश्चात कक्षा नर्सरी से पांचवी कक्षा तक की कन्याओं का पूजन भी किया गया और उन्हें भेंट भी दी गई। अंत में प्रधानाचार्या, उप- प्रधानाचार्या ने बच्चों को नए सत्र की शुभकामनाएं देते हुए प्रसाद वितरित किया।

### लाइसेंसधारक मोबाइल नंबर दर्ज कराएं : कौशिक

**भिवानी।** जिलाधीश महावीर कौशिक ने जिला के सभी शस्त्र लाइसेंस धारकों को अति शीघ्र अपने-अपने मोबाइल नंबर संबंधित एसडीएम कार्यालय में अतिशीघ्र दर्ज करवाने के निर्देश जारी किए हैं। जिलाधीश ने अपने आदेशों में कहा है कि गृह विभाग हरियाणा के निर्देशानुसार जिला के सभी शस्त्र लाइसेंस धारकों का विवरण मुख्यालय भेजा जाना है। इसलिए सभी लाइसेंस धारक का अपना अपडेट मोबाईल नम्बर अपने-अपने एसडीएम कार्यालय में दर्ज करवाएं। आर्म्स लाइसेंस जिला भिवानी अर्थोरिटी से बना हुआ हैं अथवा जिलाधीश भिवानी द्वारा जारी शुदा है वे सभी एसडीएम के कार्यालय मे अपना मोबाइल नम्बर अपडेट करवाएं।

### महिला महाविद्यालय में जागरूकता व्याख्यान

**तोशाम।** तोशाम के चौधरी बंसीलाल राजकीय महिला महाविद्यालय में प्राचार्य मनजीत सिंह के तत्वाधान में वाणिज्य विभाग द्वारा एक जागरूकता व्याख्यान आयोजित किया गया। व्याख्यान देने के लिए टीआइटी से आए प्रोफेसर अजय शर्मा ने उपस्थित छात्राओं को परीक्षाओं की जमकर तैयारी करने के लिए अनेक टिप्स दिए। उन्होंने छात्राओं को शिक्षण के पश्चात अपने रुचिकर क्षेत्र की पहचान करने, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने साक्षात्कार की तैयारी के बारे में विभिन्न आवश्यक बातें बताई।

## पेयजल सप्लाई सुचारू नहीं होने से क्षेत्रवासी पानी खरीदकर पीने को मजबूर

# ढाणा रोड के क्षेत्रवासियों ने पेयजल की सुचारू सप्लाई करवाने की उठाई मांग

### शहर के मुख्य मार्गों पर ब्रेकर न होने से बना रहता है हादसों का भय : कालिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

दादरी गेट ढ़ाणा रोड क्षेत्र में पेयजल की सुचारू सप्लाई एवं सड़कों पर ब्रेकर बनवाने की मांग को लेकर धानक समाज के प्रधान भगवानदास कालिया के नेतृत्व में अनेक क्षेत्रवासियों ने वीरवार को समाधान शिविर में शिकायत दर्ज करवाई। इस दौरान उनके साथ काफी संख्या महिलाएं भी मौजूद थी। क्षेत्रवासियों ने कहा कि पेयजल सप्लाई सुचारू नहीं होने के कारण लोग पानी की बूंद बूंद देखने को तरस गए है, जिसके चलते उन्हें रोजमर्रा के कार्यो में भारी परेशानी हो रही है।

समाधान शिविर के माध्यम से उपायुक्त महाबीर कौशिक, नगराधीश सहित अन्य अधिकारियों को समस्या से अवगत करवाते हुए भगवानदास कालिया ने कहा कि दादरी गेट ढ़ाणा रोड पर करीबन एक वर्ष से पेयजल सप्लाई सुचारू नहीं है। उन्होंने कहा कि सबसे अधिक परेशानी ढ़ाणा रोड गली नंबर-1 से 9 तक बनी हुई है, जहां एक बूंद भी पानी की सप्लाई नहीं होती, जिसके चलते क्षेत्र के लोग पूरी तरह से टैंकरों पर निर्भर है तथा उनकी आधी कमाई तो टैंकरों का भुगतना करने में खर्च हो जाती है। समस्या के समाधान की मांग को लेकर जब एसडीओ, जेई को फोन करते है तो वे न फोन उठाते तथा न ही कार्यालय में मिलते है, जिससे परेशान होकर क्षेत्रवासी उनके निवास पर पहुंचते हैं तो अधिकारी क्षेत्रवासियों को धक्के मारकर भगा देते हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासी परेशान होकर अधिकारियों के कार्यालय में जाते हैं तो वे वहां नहीं मिलते। कार्यालय में कर्मचारियों से पूछते हैं तो समाधान शिविर तो कभी क्षेत्र के दौरे की बात की जाती हैं।

उन्होंने कहा कि समाधान शिविर के बाद अधिकारी सीधे अपने निवास पहुंचते हैं और परियादी वापस उनके कार्यालय में जाकर उनका इंतजार करते हुए परेशान होते हैं। उन्होंने कहा कि पेयजल सप्लाई के अभाव में क्षेत्रवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, ऐसे में वे मांग करते है। उक्त क्षेत्र की पेयजल सप्लाई की समस्या का स्थायी समाधान किया जाए, ताकि भीषण गर्मी में उन्हें और अधिक परेशानियों का सामना न करना पड़े। कालिया ने कहा कि पेयजल समस्या के चलते क्षेत्रवासियों को टैंकरों से पानी खरीदकर पीना पड़ता हैं या फिर दूर दराज से नलों से पानी भरकर लाना पड़ता हैं, जिससे उनके दिनभर के कार्य प्रभावित होते हैं।



**भिवानी।** ढाणा रोड क्षेत्र में पेयजल की सुचारू सप्लाई एवं ब्रेकर बनवाने की मांग करते क्षेत्रवासी।



**भिवानी।** टैंकर से पानी भरते क्षेत्रवासी। *फोटो: हरिभूमि*

### ब्रेकर नहीं होने से सड़क हादसों का खतरा

*वही ब्रेकरों की समस्या से अवगत करवाते हुए कालिया ने कहा कि शहर के रोहतक गेट, दादरी गेट, ढ़ाणा रोड, बावड़ी गेट, हनुमान गेट, महम गेट, हांसी गेट, घंटाघर चौक, ढ़ाणा रोड मार्गो पर ब्रेकर नहीं है, जिसके चलते सड़क दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है, इन मार्गों पर ब्रेकर बनाए जाने की जरूरत है। इस अवसर पर बिरमा, रीतू, ममता, भागवंती, आरती, मीरा देवी, रोशनी, सुदेश, राज इंदौरा, अशोक डाबला, अनिल डाबला, सुरेंद्र इंदौरा, अनिल पेंटर, संतलाल, कमलेश चावला, प्रवेश इटकान, शारदा इटका, सुदेश, राज नागर, मदन नागर, जसवंत डाबला, मनोज इंदौरा, विनोद लडवाल, सज्जन खटीक आदि क्षेत्रवासी मौजूद रहे।*



**भिवानी।** आयोजित हवन में आहुति डालते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

# हवन से नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत शुभ

- दा ऑकवुड सीनियर सैकेंडरी स्कूल में हवन के साथ हुआ नए सत्र का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

सैक्टर-13 स्थित दा ऑकवुड सीनियर सैकेंडरी स्कूल में वीरवार को हवन के साथ नए सत्र 2025-26 का शुभारंभ हुआ। स्कूल प्राचार्य सज्जन भारद्वाज ने परमात्मा से प्रार्थना की यह वर्ष हर प्रकार से छात्रों के लिए मंगलयमय हो।

प्राचार्य ने कहा कि यज्ञ वातावरण की शुद्धि के साथ-साथ शुभकार्य की शुरूआत के लिए भी फलदायक माना जाता है। नए शैक्षणिक सत्र पर यज्ञ करवाने से विद्यालय में योगदान देने वाले सभी कर्मचारियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का बौद्धिक विकास होता है। उन्होंने कहा कि हवन से नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत करना एक शुभ और प्रेरणादायक परंपरा मानी जाती है। यह ना केवल आध्यात्मिक शुद्धि का प्रतीक है, बल्कि विद्यार्थियों और शिक्षकों को सकारात्मक ऊर्जा, ज्ञान और अनुशासन के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित भी करता है। इस मौके पर विद्यालय निदेशक दिनेश सिंह, मैनेजमेंट सदस्य विक्रम राणा व मानवेंद्र सिंह व प्राचार्य सज्जन भारद्वाज द्वारा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना की गई। अंत में स्कूल परिसर में उपस्थित सभी बच्चों व सदस्यों को प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान घोषित किए गए वार्षिक परिणाम में नर्सरी से तेजल, समरवीर व भाविका, एलकेजी से प्रणव, भव्या, युविका व मृगांक, यूकेजी से नैतिक, सृष्टि व जियांश, पहली कक्षा से बानी, रक्षिता व अनिश, दूसरी कक्षा से देवशी, प्रियांश, सिया, नियति, निपुण व अमायरा, तीसरी कक्षा से भावी खरोलिया, धैर्य मलानी, अयान शर्मा व गरिमा, चौथी कक्षा से पांशुल, अरिहंत व परी, पांचवी कक्षा से दिया, मनित व जियांश, क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे।

# छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना

- आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस, मिलकपुर में विद्या आरम्भ संस्कार कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बवानीखेड़ा

मिलकपुर-2 स्थित आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस मिलकपुर में विद्या आरम्भ संस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत हवन का आयोजन किया गया और हवन के साथ ही नए सत्र का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चेयरमैन आनंद यादव उपस्थित रहे।

इसके अतिरिक्त सचिव कुलदीप यादव, निदेशक साहिल यादव, प्रिंसिपल नितीश मिश्र, वाइस प्रिंसिपल गीता यादव, एवं प्राइमरी हेड प्रोमिला यादव सहित समस्त स्टाफ और विद्यार्थी भी हवन में उपस्थित रहे। इस धार्मिक अनुष्ठान का मुख्य उद्देश्य छात्रों में सांस्कृतिक और आध्यात्मिक मूल्यों का विकास करना था। हवन के माध्यम से नए सत्र की शुभ शुरुआत की गई और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। मुख्य अतिथि चेयरमैन आनंद यादव ने कहा कि विद्या आरम्भ संस्कार कार्यक्रम विद्यार्थियों में शिक्षा के प्रति निष्ठा और समर्पण की भावना उत्पन्न करता है।



**बवानीखेड़ा।** मिलकपुर-2 स्थित आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस मिलकपुर में विद्या आरम्भ संस्कार कार्यक्रम के आयोजन उपस्थितजन। *फोटो: हरिभूमि*

# खिलाड़ी व युवा नशे से रहें दूर : अर्श वर्मा

- झींझर गांव में जिला स्तरीय महिला व पुरूष कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

झींझर में जिला स्तरीय महिला व पुरूष कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि एसपी अर्श वर्मा ने शिरकत की। उन्होंने पहलवानों का परिचय लिया व मुकाबलों का विधिवत आरंभ करवाते हुए जीवन में हमेशा पूरी ईमानदारी से खेलने के लि युवा पहलवानों को प्रेरित किया।

खिलाडियों व युवाओं को हर प्रकार के नशों से दूर हरने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि के तौर पर डीएसपी एवं अंतर्राष्ट्रीय पहलवान नरेंद्र ने सहभागिता की। मुकाबलों की जानकारी देते हुए जिला रेसलिंग एसोसिएशन महासचिव योगेश इमलोटा ने बताया कि महिला पहलवाने के मुकाबलों के तहत 53 केजी में रजनी सांजरवास प्रथम, शीतल दूधवा द्वितीय, मीनाक्षी चरखी तृतीय रही। इस प्रकार 62 केजी में नेहा बलाली प्रथम, अंजली दूधवा दूसरे तथा अक्षिता गोठडा तीसरे स्थान पर रही। 76 केजी में मेघना दादरी पहले, नमिता कलाली दूसरे व ज्योति भागवी तीसरे पायदान पर रही।



**चरखी दादरी।** कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ करवाते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

### ये रहे मौजूद

इसी प्रकार पुरूष वर्ग के 61 केजी में मंजीत महराणा पहले, पंकज बौंद दूसरे तथा धर्मबीर फतेहगढ तथा आशीष सांकरोड तीसरे स्थान पर रहे। 74 केजी में संजीव महराणा पहले, शक्तिवर्धन बौंद द्वितीय तथा नितिन महराणा तथा निनित रासीवास तृतीय रहे। 125 केजी में सचिन झींझर पहले, प्रतीक टिकाण कलां दूसरे तथा जतिन गोपी व रिषि टिकाण कलां तीसरे नंबर पर रहे। सभी को मैडल व इनामी राशी के चैक भेंट किए गए। इस दौरान प्रधान संदीप कुमार, सरपंच झींझर रामफल शर्मा, अशोक डीपीई, सज्जन कोच, धर्म पहलवान, दयानंद कोच, डा. सुरेंद्र डाला, संजय पहलवान, सूरजभान गोलिया, राजेश मास्टर, यासिन खान, बिजेंद्र कोच, सोमबीर पहलवान, राजेश मास्टर, सुकर्मपाल, वीरभान, पहलवान लीलाराम, कृष्ण, रणसिंह, सुरेंद्र पंच, नरेंद्र पंच, डीपीई जयदीप, डीपीई धर्मेंद्र, आदि मौजूद रहे।

### दुकान पर सामान लेने गए युवक के साथ मारपीट

**भिवानी।** गांव दांग कला में बाइक पर सवार होकर एक युवक किरयाणा दुकान से सामान लेने के लिए पहुंचा। रास्ते में गांव के ही कुछ युवकों ने उसका रास्ता रोक कर मारपीट की। बाद में परिजनों ने उसको घायल अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल करवाया गया। पुलिस ने पीड़ित के बयानों के आधार पर मामला दर्ज करके जांच आरंभ कर दी। पुलिस को दी शिकायत में गांव दांग निवासी बिंटू ने बताया कि पहली अप्रैल को शाम छह बजे के आसपास वह बाइक पर सवार होकर एक किरयाणा की दुकान से सामान लेने के लिए गया था। वहां पर तीन चार युवक पहले से ही खड़े थे। उक्त युवकों ने उसका बाइक रूकवा लिया और कहा कि वह ज्यादा हवा लिए हुए है। आज तुझे मजा चखाते है। इतना कहते ही आरोपियों ने उसके साथ मारपीट करनी आरंभ कर दी। उनमें से एक युवक नुकीली चीज लिए हुए थे। जिससे उस पर वार किया और उसको जख्मी कर दिया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

# डोहका हरिया के लिए रोडवेज बस सेवा शुरू

- महाप्रबंधक, उपायुक्त व चेयरमैन सुमीत डूडीवाला का ग्रामीणों ने जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

भिवानी से डोहका हरिया के लिए रोडवेज बस सेवा आरंभ हो गई है। इससे इस मार्ग पर पडने वाले करीब 10 गांवों के यात्रियों को आवागमन में लाभ मिलेगा।

बता दें कि पिछले दिनों इस मार्ग पर पडने वाले ग्रामीणों व छात्रों ने पूर्व जिला पार्षद व राजीव गांधी पंचायती राज के चेयरमैन सुमित डुडीवाला के समक्ष यह मांग उठाई थी। उन्होंने इस मांग को गंभीरता से लेते हुए जल्द ही उनकी मांग पूरी करवाने का आश्वासन दिया। बाद में वे उपायुक्त व रोड़वेज महाप्रबंधक से मिले और उनको इस समस्या से अवगत करवाया। दोनों अधिकारियों ने तुंरत कार्रवाई अमल में लाते हुए इस मार्ग पर पडने वाले यात्रियों को यह सुविधा उपलब्ध करा दी है। बस सेवा आरंभ होने पर चेयरमैन सुमित डुडीवाला ने उपायुक्त व रोड़वेज महाप्रबंधक का आभार जताया। इस अवसर पवन सेठ, दिपक शर्मा, डा. मनजीत, मा. रींकु, धर्मबीर, सोनू, सुरेश, नरेश, गोविंद, राजेन्द्र, सुनील, लालू सेठ, समेत अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।



**भिवानी।** भिवानी से डोहका हरिया के बीच में रोडवेज बस शुरू होने पर चालक का स्वागत करते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

### सुबह 8 बजे रवाना होगी

*उन्होंने बताया कि यह बस सुबह 8 बजे गांव सारंगपुर से रवाना होगी। यह बस रामपुरा, डोहका हरिया, डुडीवाला नंकरण व किशनपुरा, गोलपुरा, हरीपुर, भाखड़ा, लहलाना, आसलवास मरहेटा-दुबीया, लोहानी व देवसर होते हुए भिवानी पहुंचेगी। इसके बाद यह बस 2 बजे भिवानी से रवाना होगी जोकि और वापस सारंगपुर जाएगी। उन्होंने बताया कि बस के गांव डोहका हरिया में पहुंचने पर ग्रामीणों ने चालक व परिचालक का स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया।*

# एसपी ने सदर थाना का निरीक्षण कर दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

वीरवार को पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा ने सदर थाना का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना परिसर, एमएचसी रूम, मालखाना, हवालात और कंप्यूटर कक्ष का गहनता से जायजा लिया।

एसपी अर्श वर्मा ने कहा कि पुलिस थाने का वातावरण और सफाई बेहद जरूरी है, जब लोग अपनी शिकायतें लेकर आते हैं, तो उन्हें महसूस होना चाहिए कि हम उनकी समस्याओं को गंभीरता से ले रहे हैं। थाना में शिकायत लेकर आने वाले लोगों से सौहार्दपूर्ण व्यवहार करना चाहिए और उनकी समस्याओं का जल्द समाधान करना चाहिए।

उन्होंने थाना मोहर्र से रिकॉर्ड की जानकारी लेते हुए साफ-सफाई के मुद्दे पर भी ध्यान देने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



**चरखी दादरी।** सदर थाना का निरीक्षण करते एसपी अर्श वर्मा।

## अनाज मंडी छोटी होने से आढ़तियों ने बस स्टैंड पर गेहूं खरीद की मांग उठाई

# बाढड़ा बस स्टैंड परिसर में हो सकती है गेहूं की सरकारी खरीद

- बीते सीजन से नहीं लिया सबक तो उठानी पड़ सकती है परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाढड़ा

बस स्टैंड से अपने गंत्वय तक पहुंचने वाले यात्रीगण ध्यान दे बस स्टैंड बंद हो सकता है। बाढड़ा में अनाज मंडी छोटी होने के कारण यहां गेहूं की खरीद शुरू की जा सकती है जिसके लिए आढ़तियों ने लिखित में देकर अधिकारियों से मांग भी की है। यदि प्रशासन यहां गेहूं खरीद करवाता है तो यात्रियों को भारी परेशानी उठानी पड़ेगी। बीते सीजन यहां गेहूं खरीद की गई थी और अप्रैल महीने में 24 दिन बस स्टैंड बंद रहा था। यदि प्रशासन ने बीते सीजन से सबक नहीं लिया और यहां गेहूं खरीद की अनुमति दी तो वहीं हाल दोबारा से देखने को मिल सकता है।



**बाढड़ा।** बस स्टैंड पर लिफ्टिंग के लिए रखी बोरियों के पास से गुजरती रोडवेज बस। *(फाइल फोटो)*

### आढ़तियों ने बस स्टैंड में गेहूं खरीद की मांग की

बाढड़ा अनाज मंडी प्रधान हनुमान शर्मा की अगुवाई में स्थानीय आढ़तियों ने बाढड़ा एसडीएम दलजीत को लिखित में देकर बाढड़ा बस स्टैंड पर गेहूं की खरीद करवाने की मांग की है। एसडीएम को सौंपे मांगपत्र में आढ़तियों ने लिखा है कि बाढड़ा अनाज मंडी में जगह की कमी होने के कारण गेहूं की खरीद में देरी हो रही है। बीते वर्ष की भांति विभागीय अनुमति लेकर बस स्टैंड परिसर में गेहूं की खरीद शुरू करवाएं ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा ना हो। बाहर कच्चे में गेहूं खरीद करने पर उसमे मिट्टी मिलने की संभावना रहती है। इसिलए उच्च अधिकारियों से परामर्श कर बस स्टैंड में खरीद शुरू करवाई जाए।

### अनाज की बंपर आवक, लेकिन जगह कम

उल्लेखनीय है कि चरखी दादरी कृषि बाहुल्य क्षेत्र है। जिले में दादरी अनाज मंडी के बाद बाढड़ा मंडी में सबसे अधिक अनाज की आवक होती है। दर्जनों गांवों के बीच मंडी होने के कारण चाहे रबी सीजन हो या खरीफ सीजन बंपर

### 24 दिन बस स्टैंड रहा बंद

बीते रबी सीजन के दौरान सरसों व गेहूं की बंपर आवक होने व समय पर खरीदे गए अनाज का उठान नहीं हो पाने के कारण बाढ़ड़ा बस स्टेंड पर गेहूं खरीद करवाई गई थी। गेहूं रखना शुरू करने के दो दिन तक वहां बसें आती-जाती रही, लेकिन उसके बाद बस स्टेंड पूरी तरह से गेहूं की ढेरियों से अट गया था और बस स्टैंड के अंदर यात्रियों के लिए लगाई गई कुर्सियों,बूथों तक गेहूं पहुंच गया था और बस व यात्री जाने के लिए जगह तक नहीं बची थी। जिसके चलते बस स्टैंड के दोनों गेट बंद करने पड़े थे और 24 दिनों तक बस स्टैंड से बसों का संचालन पूरी तरह से बंद रहने के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

### अस्पताल में खड़ी करनी पड़ी थी बसें

अनाज मंडी में जगह नहीं होने के कारण बस स्टैंड को वैकल्पिक अनाज मंडी बनाया गया। जबकि रात के समय बसों को बस स्टैंड के साथ लगते पीएचसी में खड़ा करना पड़ा था। वहीं दिन के समय सभी बसें बस स्टैंड के सामने व क्रांतिकारी चौक से होते हुए निकलती रही और लोग गर्मी के मौसम में सड़क किनारे खड़े होकर बसों को इंतजार करते रहे।